◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

JHARKHAND | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 17 नवम्बर 2026

स्थानीय

केरेडारी में बिरहोर परिवार की मौत से बढ़ा प्रदूषण पर आक्रोश



केरेडारी के पगार बिरहोर टोला में एक और बिरहोर की मौत से पसरा मातम: एनटीपीसी और सीसीएल की खनन गतिविधियों और प्रदूषण पर उठे गंभीर सवाल

* विलुप्तप्राय आदिम जनजाति पर मंडरा रहा बड़ा खतरा; खनन क्षेत्र से महज 50 मीटर की दूरी पर बसे बिरहोर परिवार जहरीली हवा और धूल फांकने को मजबूर।

* प्रशासनिक उदासीनता से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश; प्रदूषण की उच्चस्तरीय जांच और बिरहोर परिवारों के पुनर्वास व सुरक्षा की उठी जोरदार मांग।

केरेडारी (हजारीबाग)

हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पगार बिरहोर टोला से एक बेहद मर्मस्पर्शी और चिंताजनक खबर सामने आई है। विलुप्तप्राय बिरहोर जनजाति के एक और व्यक्ति की असामयिक मौत के बाद पूरे इलाके में शोक के साथ-साथ भारी रोष और चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है। इस दुखद घटना के बाद एक बार फिर क्षेत्र में चल रही अंधाधुंध खनन गतिविधियों और उससे फैलने वाले प्रदूषण के कारण आदिम जनजाति के जीवन पर मंडरा रहे खतरे पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

महज 50 और 500 मीटर की दूरी पर चल रही हैं खदानें

ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पगार बिरहोर टोला से मात्र 50 मीटर की दूरी पर एनटीपीसी (NTPC) की खदान और 500 मीटर की दूरी पर सीसीएल (CCL) की खदान संचालित हो रही है। इन कोयला खदानों में दिन-रात चलने वाले खनन कार्यों, भारी वाहनों की आवाजाही और ब्लास्टिंग के कारण भारी मात्रा में उड़ने वाली जहरीली धूल और प्रदूषण सीधा इन आदिम जनजातियों के बस्तियों तक पहुंच रहा है।

प्रदूषण के इस खतरनाक स्तर के कारण यहां के रहवासियों का स्वास्थ्य लगातार तेजी से गिर रहा है, लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं है।

ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, प्रशासन से लगाई गुहार

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि लगातार हो रहे प्रदूषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण बिरहोर परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है। शुद्ध हवा और पानी के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, लेकिन खनन कंपनियां और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह खामोश बैठे हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय पर्यावरणीय जांच कराई जाए, तथा विलुप्तप्राय बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए तत्काल प्रभाव से उचित कदम उठाए जाएं।

संवाददाता :- आकाश भारती, Need24 News

— Akash Bharti, हजारीबाग

राजनीति

प्रधानमंत्री मोदी ने बिरसा मुंडा जयंती पर खरताल बजाया



बिरसा मुंडा जयंती के विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपस्थित दर्शकों के समक्ष खरताल बजाई, जिससे इस राष्ट्रीय नायक को श्रद्धा-स्मरण का स्वर मिला।

यह सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रधानमंत्री के द्वारा भारतीय आदिवासी संस्कृति के प्रति सम्मान और समर्थन को दर्शाता है, तथा बिरसा मुंडा के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का उद्देश्य रखता है।

उपस्थित लोगों ने इस अभिव्यक्ति को सराहा और आदिवासी समुदाय के योगदान को राष्ट्रीय मंच पर उजागर करने की सराहना की।

— Sonu Kumar Arhat

स्थानीय

पाकुड़िया लैम्प्स को 300 क्विंटल गेहूं, किसानों में 50% अनुदान पर बीज वितरण शुरू



पाकुड़िया प्रखंड के पाकुड़िया बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति (लैम्प्स लिमिटेड) को 300 क्विंटल गेहूं प्राप्त हुआ है, जिसे किसानों में 50% अनुदान पर ₹20.86 प्रति किलो की दर से वितरित किया जा रहा है।

इसके साथ ही सरसों के बीज भी 50% अनुदान पर ₹55 प्रति किलो की दर से दिया जा रहा है। बीज वितरण शुरू होते ही किसानों में काफी खुशी देखी गई, क्योंकि सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण बीज मिलने से रबी फसल की खेती में मदद मिलेगी और उत्पादन भी बढ़ेगा।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी किसानों को पारदर्शी तरीके से बीज वितरित किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इस योजना का लाभ उठा सकें।

स्थान - पाकुड़िया लैम्प्स लिमिटेड, प्रखंड - पाकुड़िया, जिला - पाकुड़

मो. नं. - 7250225365

✍ पाकुड़ जिला ब्यूरो चीफ - जय प्रकाश भगत

— Jai Prakash Bhagat

स्थानीय

पाकुड़िया: छठ घाट पर थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने व्रतियों को वितरित किया दूध और गंगाजल



पाकुड़िया स्थित छठ घाट पर छठ महापर्व के दौरान एक सराहनीय पहल देखने को मिली। पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो और उनकी पूरी पुलिस टीम ने छठ व्रतियों की सहायता के लिए दूध और गंगाजल का वितरण किया, ताकि श्रद्धालु अपनी पूजा विधि-विधान से संपन्न कर सकें।

छठ महापर्व के अवसर पर व्रतियों की सेवा और सुरक्षा के लिए पुलिस टीम निरंतर घाट पर तैनात रही। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि श्रद्धालुओं को पूजा और अर्घ्य देने के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी का सामना न करना पड़े।

पुलिस विभाग की इस मानवीय पहल से छठ व्रतियों और स्थानीय श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल देखा गया। उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी और उनकी पूरी टीम के इस सेवा भाव की जमकर प्रशंसा की।

— Jai Prakash Bhagat

स्थानीय

खजुरडांगल गांव में जयसवाल परिवार ने धूमधाम से मनाया छठ महापर्व



पाकुड़िया प्रखंड के खजुरडांगल गांव में जयसवाल परिवार ने इस वर्ष छठ महापर्व को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। आयोजन में परिवार के प्रमुख सदस्य अमित जयसवाल, सुमित जयसवाल, उत्तम, मुन्ना तथा अन्य कई सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

पूरे परिवार ने मिलकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया, जबकि गांव के निवासियों ने भी इस पावन अवसर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलजुल कर सूर्य अर्घ्य, भजन और प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रमों को संपन्न किया।

स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन सुगमता से हुआ और सभी ने शांति एवं एकता के साथ पूजा समाप्त की। पाकुड़ जिला ब्यूरो के चीफ जय प्रकाश भगत ने इस आयोजन की सराहना की।

छठ पूजा के इस सफल आयोजन ने गांव में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को पुनः सुदृढ़ किया, जिससे भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की आशा बनी रहती है।

— Jai Prakash Bhagat

धर्म

पाकुड़िया में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व



पाकुड़िया छठ पूजा समिति ने इस वर्ष के छठ महापर्व को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न किया। आयोजन में समिति, स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं।

धूप-उदय और धूप-अस्त के समय श्रद्धालुओं ने डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया, जिससे धार्मिक भावना का पूर्ण प्रकट हुआ।

घाट पर सफ़ाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए, जिससे सभी को आरामदायक माहौल मिला।

समिति, थाना प्रभारी और बीडीओ सर के मार्गदर्शन तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण रूप से समाप्त हुआ।

आयोजन के सफल समापन पर सभी ने "जय छठी मैया" का जयकारा किया।

— Jai Prakash Bhagat

NH-32 पर कार-बाइक टक्कर से कई लोग घायल



बोकारो। NH-32 बोकारो–पुरुलिया मुख्य मार्ग पर सिधाबनी पेट्रोल पंप के सामने महतो मोड़ के समीप भीषण सड़क दुर्घटना हुई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए केएम मेमोरियल अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि सभी लोग चोटीटांड़ से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहे थे। फिलहाल घायलों की पहचान को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

आम लोगों से विशेष अपील

यदि आप घायलों को पहचानते हैं या चोटीटांड़ के रहने वाले इन लोगों के परिवार से परिचित हैं, तो कृपया उनके परिजनों तक यह सूचना पहुंचाएं, ताकि वे जल्द से जल्द केएम मेमोरियल अस्पताल पहुंच सकें।

घटनास्थल: महतो मोड़, सिधाबनी पेट्रोल पंप के सामने, NH-32, बोकारो।

— Nitish Kumar Sinha, बोकारो

धर्म

छठ पूजा महापर्व में मेराल प्रखंड के घाटों पर श्रद्धालुओं ने भास्कर व छठी मईया की आराधना की



आज छठ पूजा के महापर्व के पावन अवसर पर सतेन्द्र नाथ तिवारी ने मेराल प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच शामिल होकर पूजा की।

इस दौरान उन्होंने शिवाला छठ घाट (मेराल बाजार), फ्रेंड्स क्लब (मेराल), नवयुवक संघ छठ पूजा समिति (छ:आना टोला, मेराल), बर नदी छठ घाट (भव्य गंगा आरती), सनराइज फैंस क्लब (नेनुआ मोड़) आदि घाटों का भ्रमण कर भगवान भास्कर और छठी मईया की आराधना की।

उन्होंने क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और चहुंमुखी विकास के लिए आशीर्वाद मांगा।

छठी मईया की कृपा हम सब पर बनी रहे। आप सभी को महापर्व की ढेरों बधाइयाँ।

जय छठी मईया

— Shamsher Ansari

देश

जोरदाग में छठ पूजा पर श्रद्धालुओं को शॉल और पूजा सामग्री का वितरण, समाजसेवियों ने दी शुभकामनाएं



नीड 24 न्यूज हजारीबाग

केरेडारी जोरदाग

संवाददाता निरंजन कुमार साव

जोरदाग में छठ पूजा पर श्रद्धालुओं को शॉल और पूजा सामग्री का वितरण, समाजसेवियों ने दी शुभकामनाएं

जोरदाग

छठ पूजा आस्था का महापर्व है और इसमें सूर्य भगवान की उपासना होती है। इसी पावन अवसर पर जोरदाग में छठ व्रत किए श्रद्धालुओं को शॉल और पूजा सामग्री वितरण की गई और सभी को छठ की शुभकामनाएं दी गई

प्रेमरंजन पासवान और समाजसेवी सह इंटक प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर साव उदय लाल गुप्ता, वार्ड सदस्य राम कुमार साव वार्ड सदस्य कालो राम वार्ड सदस्य कन्हाय माली किशोर साव संजय साव प्रेम साव कैलाश साव ब्रजेश राम समाजसेवी कुलदीप साव समाजसेवी श्यामदेव साव तुलसी साव अमित कुमार माली समाजसेवी कृष्ण गुप्ता ने मिल जुलकर अपनी सहभागिता से छठ पूजा में शॉल और पूजा सामग्री वितरण किया

सभी ने मिलकर पूजा सामग्री वितरण की और छठ की शुभकामनाएं दी। सभी ने छठ आस्था के पर्व पर जोरदाग और पूरे क्षेत्र के लिए हर संभव मदद का प्रण लिया और छठ पूजा की व्यवस्था को अपनी देख-रेख में लोगों के साथ हर संभव साथ दिया

ग्रामीणों ने सभी समाजसेवियों के इस कार्य की खूब सराहना की

जय छठी मैया

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

स्थानीय

अज्ञात वाहन के धक्के से बिशुनपुरा के दिव्यांग युवक की मौत, दो घायल



गढ़वा जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के चितरा गांव में शनिवार शाम बिशुनपुरा बाजार से सब्जी खरीदने के बाद तीन युवक मोटरसाइकिल से लौट रहे थे, जब अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर में दिव्यांग युवक सरवन कुमार (पिता गणेश रजवार) गंभीर रूप से घायल हो गया। दो अन्य युवक आदित्य विश्वकर्मा और राजा विश्वकर्मा भी जख्मी हुए। सरवन कुमार को तुरंत नगर उंटारी अस्पताल ले जाया गया, वहाँ से गढ़वा सदर अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मेदिनीनगर (एमएमसीएच) रेफर किया गया।

एमएमसीएच में दो घंटे तक इलाज के बाद, शनिवार रात 10 से 11 बजे के बीच सरवन कुमार की मृत्यु हो गई। जख्मी आदित्य और राजा को अस्पताल में भर्ती कर उपचार जारी है।

रविवार सुबह 9 बजे मृतक के पिता ने पुलिस को पूरी जानकारी दी और मृतक की डेड बॉडी का पोस्टमार्टम मेदिनीनगर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया।

— Shamsher Ansari

देश

सोतिया में नए छठ घाट पर हुई छठ पूजा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ महापर्व



नीड 24 न्यूज हजारीबाग

केरेडारी चट्टीबरियातू सोतिया

रिपोर्टर निरंजन कुमार साव

सोतिया में नए छठ घाट पर हुई छठ पूजा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ महापर्व

चट्टीबरियातू सोतिया

चट्टीबरियातू के सोतिया में इस बार नए छठ घाट पर छठ महापर्व बड़े ही आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

बताया गया कि पुराना छठ घाट एनटीपीसी की ऋत्विक कंपनी के सीबी माइंस के सामने आ जाने के कारण तालाब को काटना पड़ा। इसी वजह से ग्रामीणों ने नई जगह देखकर चट्टीबरियातू सोतिया में नया छठ घाट बनाया और वहीं छठ पूजा का आयोजन किया

नए घाट पर छठ पूजा का विधिवत उद्घाटन किया गया और पूरे विधि-विधान के साथ छठ पूजा को संपन्न करवाया गया। घाट पर सुबह से ही व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही

पंचायत के मुखिया झरीलाल महतो समाजसेवी नरसिंह सिंह रोहित कुमार दशरथ महतो कुलदीप महतो जितेंद्र राणा ओमप्रकाश सिंह वार्ड सदस्य इन्द्रनाथ पासवान समाजसेवी सुंदर गुप्ता पंचायत समिति प्रतिनिधि महेन्द्र रजक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

सभी ने मिलकर छठ पूजा को अच्छे ढंग से संपन्न करवाया और छठी मैया से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की

जय छठी मैया

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

धर्म

पाकुड़िया के मोंग्लाबांध गांव में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व



पाकुड़िया प्रखंड के मोंग्लाबांध गांव में छठ महापर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। मोंग्लाबांध छठ पूजा समिति के तत्वावधान में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

इस अवसर पर मोंग्लाबांध पंचायत समिति के सदस्य दीपक साहा अपने परिवार सहित पूजा में सम्मिलित हुए और सभी उपस्थित लोगों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। समिति के अन्य सदस्य चंदन वर्मा, उत्तम वर्मा, पवन वर्मा, रोहित पाल, उमेश पाल, टेकलाल पाल, प्रह्लाद पाल ने भी आयोजन में सक्रिय भागीदारी की।

समिति ने घाट पर साफ-सफाई, उचित प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए। सभी भक्तों ने निष्ठापूर्वक अर्घ्य अर्पित किया और "जय छठी मैया" के जयकारे के साथ पूजा समाप्त की।

पाकुड़ जिला ब्यूरो के चीफ जय प्रकाश भगत ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन को जारी रखने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को पुनः स्थापित किया।

— Jai Prakash Bhagat

आस्था और भक्ती के साथ सम्पन्न हुआ छठ महापर्व, उगते सूर्य को दिया अर्घ्य



लोक आस्था का महापर्व छठ का आज सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया

— Binod Bhagat

टीकों नदी छठ घाट पर नहाए खाय के साथ छठ पूजा का समापन



कुरु प्रखण्ड के टीकों नदी छठ घाट पर नहाए खाय के साथ छठ पूजा का समापन हो गया


— Binod Bhagat

Chhath na subha wala din

Chhath na subha wala din

— Aman Thakur, जमशेदपुर

पाकुड़िया में छठ महापर्व पर जय प्रकाश जयसवाल ने जनता को दी हार्दिक शुभकामनाएँ



पाकुड़िया, जिला-पाकुड़ में छठ महापर्व के पावन अवसर पर जायसवाल यूनियन के चेयरमैन तथा नीड २४ न्यूज़ के जिला ब्यूरो चीफ जय प्रकाश जयसवाल ने सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था, अनुशासन और भक्ति का सबसे बड़ा पर्व है, जिसमें व्रती ३६ घंटे का निर्जला व्रत रखकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

जय प्रकाश जयसवाल ने बताया कि पाकुड़िया में हर वर्ष छठ महापर्व बड़े धूमधाम, भाईचारे और अनुशासन के साथ मनाया जाता है। उन्होंने छठी मैया से प्रार्थना की कि पाकुड़िया के प्रत्येक घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

सभी श्रद्धालुओं से उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की, ताकि सामाजिक सौहार्द और पर्यावरणीय स्वच्छता दोनों का सम्मान हो सके।

— Jai Prakash Bhagat

धर्म

छठी मैया के आशीर्वाद में जयसवाल परिवार ने पाकुड़िया ब्लॉक के तालाब में धूमधाम से छठ महापर्व मनाया



पाकुड़िया ब्लॉक के कैंपस के तालाब में जयसवाल परिवार ने बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव से छठ महापर्व का आयोजन किया। पूरे परिवार ने पारंपरिक वस्त्र धारण कर, बाँस के सूप में ठेकुआ, फल, नारियल और प्रसाद लेकर तालाब के घाट पर पहुँचकर संध्या अर्घ्य किया।

डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए परिवार ने अपनी सुख-समृद्धि की कामना की। इस पावन क्षण में तालाब के किनारे छठी मैया के गीत गाए गये, जिससे वातावरण में भक्तिमय माहौल स्थापित हुआ।

पूरा तालाब परिसर छठी मैया के स्वर से गूँज रहा था और उपस्थित सभी लोग इस पावन अवसर का आनंद ले रहे थे।

— Jai Prakash Bhagat

धर्म

छठ महापर्व में जयसवाल परिवार ने पाकुड़िया ब्लॉक के तालाब में धूमधाम से अर्घ्य किया



पाकुड़िया ब्लॉक के कैंपस तालाब में जयसवाल परिवार ने छठ महापर्व को बड़े धूमधाम और भक्ति भाव से मनाया।


संध्या अर्घ्य के समय पूरे परिवार ने पारंपरिक वस्त्र धारण कर, बाँस के सूप में ठेकुआ, फल, नारियल और प्रसाद लेकर तालाब के घाट पर पहुँचा। उन्होंने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पूरे तालाब परिसर में छठी मैया के गीत गूंजते रहे, जिससे भक्तिमय माहौल बना रहा। उपस्थित सभी लोग इस पावन अवसर में सम्मिलित होकर श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे।

इस आयोजन में स्थानीय निवासियों ने भी भाग लेकर सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया। जयसवाल परिवार ने इस पावन अवसर को यादगार बनाने हेतु सामाजिक मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया।

धर्म

फुलझिंझरी में छठ पूजा की संध्या अर्घ्य के लिए घाट को किया भव्य सजावट



पाकुड़िया प्रखंड के फुलझिंझरी गांव में आज शाम छठ पूजा के संध्या अर्घ्य को लेकर घाट को भव्य रूप से सजाया गया।

रंग-बिरंगी झालर लाइटों, पीले पर्दों, फूल-मालाओं और गेंदे के फूलों से पूरा घाट दुल्हन की तरह सजा दिया गया, जिससे शाम होते ही रोशनी की जगमगाहट देखने लायक हो गई। घाट के किनारे व्रतियों के लिये बैठने की व्यवस्था भी की गई।

डूबते सूर्य को अर्घ्य देने हेतु बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु घाट पर पहुंचेंगे। गांव के युवाओं और छठ पूजा समिति ने मिलकर घाट की साफ-सफाई, सजावट और रोशनी की व्यवस्था की।

गांव में छठ महापर्व को लेकर उत्साह का माहौल है; घर-घर में ठेकुआ, कसार और प्रसाद बनाने की तैयारी चल रही है, जबकि महिलाएँ पारम्परिक गीत गाते हुए पूजा की तैयारी में जुटी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि फुलझिंझरी का छठ घाट हर साल इसी तरह भव्यता से सजाया जाता है और यहाँ आस्था व भाईचारे का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

— Jai Prakash Bhagat

स्थानीय

पाकुड़ में आदिवासी गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती का संयुक्त उत्सव



पाकुड़ में आज आदिवासी गौरव दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बीचामहल मंडल और लिट्टीपाड़ा मंडल ने मिलकर भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती का समारोह आयोजित किया।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अनीता मुर्मू ने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के स्वाभिमान, अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों के प्रतीक हैं। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज को एकजुट होने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता धनेश्वर कुमार साहा, बेणेश्वर सोरेन, गणेश मंडल, राम मंडल, शिव मुर्मू, भूजल मंडल, सोहन बास्की, रामा पहाड़िया, गुहिया पहाड़िया, मारी पहाड़िया, कृष्ण मढैया आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने बिरसा मुंडा के नारे "अबुआ दिशुम, अबुआ राज" को याद करते हुए समाज में एकता और अधिकारों के लिए संघर्ष की आवश्यकता पर बल दिया।

समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने, आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

— Jai Prakash Bhagat

के प्रदेश सांचेव आंकेत कुमार पाण्डेय (रुद्र) ने की छठ पूजा: संगठन की मजबूती और लोक कल्याण के लिए छठी मइया से की विशेष प्रार्थना



हजारीबाग के कुठान में HAM (से.) के प्रदेश सचिव अंकित कुमार पाण्डेय (रुद्र) ने की छठ पूजा: संगठन की मजबूती और लोक कल्याण के लिए छठी मइया से की विशेष प्रार्थना

* केरेडारी के कुठान में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व; प्रदेश सचिव ने उगते-डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी आशीर्वाद।

* संगठन की एकजुटता और जनसेवा के संकल्प को मिली नई ऊर्जा; झारखंडवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की गई।

कुठान, केरेडारी (हजारीबाग)

प्रकृति, अटूट आस्था और सूर्य उपासना के महान लोक पर्व 'छठ पूजा' के पावन अवसर पर हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कुठान गांव में आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के झारखंड प्रदेश सचिव अंकित कुमार पाण्डेय (रुद्र) ने विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य और छठी मइया की पूजा-अर्चना की और परिवार तथा समाज के कल्याण की कामना की।

संगठन की मजबूती और उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना

छठ महापर्व के इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान प्रदेश सचिव अंकित कुमार पाण्डेय ने अस्ताचलगामी और उदयगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया। उन्होंने समस्त झारखंडवासियों और देशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की मंगलकामना करने के साथ-साथ अपने राजनीतिक संगठन हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) की मजबूती, सांगठनिक विस्तार, आपसी एकजुटता और उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना की।

इस मौके पर उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि:

> "छठ महापर्व हमें अटूट आस्था, अनुशासन, त्याग, समर्पण और सामाजिक एकता का गहरा संदेश देता है। यह पवित्र पर्व समाज के हर वर्ग को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के मजबूत सूत्र में पिरोता है।"

>

असीम कृपा से उनका संगठन निरंतर बुलंदियों को छुए, ताकि जनसेवा, सामाजिक न्याय और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के उत्थान के संकल्प को और अधिक गति एवं ऊर्जा मिल सके।

संदेश प्रेषक / सौजन्य से:

अंकित कुमार पाण्डेय (रुद्र)

प्रदेश सचिव, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.), झारखंड

संवाददाता:-आकाश भारती Need 24 न्यूज़

— **Akash Bharti**

लोक आस्था और सेवा का अनूठा संगम: जेन-जी प्रेस क्लब केरेडारी की ओर से छठ व्रतियों के बीच नारियल का वितरण, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना



लोक आस्था और सेवा का अनूठा संगम: जेन-जी प्रेस क्लब केरेडारी की ओर से छठ व्रतियों के बीच नारियल का वितरण, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

* प्रेस क्लब के नवनियुक्त सदस्यों ने जनसेवा की मिसाल पेश की; छठ व्रतियों को प्रसाद स्वरूप नारियल भेंट कर लिया आशीर्वाद।

* अध्यक्ष लोकेश्वर कुमार और कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार साहू ने कहा—निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ-साथ समाज सेवा और जनहित के कार्यों में हमेशा आगे रहेगा जेन-जी प्रेस क्लब।

केरेडारी (हजारीबाग)

प्रकृति, अटूट आस्था और सूर्य उपासना के महान लोक पर्व 'छठ पूजा' के पावन अवसर पर जेन-जी प्रेस क्लब, केरेडारी की ओर से मानवता और सेवा का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया गया है। पर्व के इस पवित्र माहौल में क्लब के सदस्यों ने आगे आकर क्षेत्र के विभिन्न छठ व्रतियों के बीच प्रसाद स्वरूप नारियल का वितरण किया। इस सेवा कार्य में क्लब के संस्थापक, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित तमाम सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई।

छठी मइया से की क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना

नारियल वितरण के दौरान क्लब के सभी सदस्यों ने व्रतियों से आशीर्वाद लिया और पूरे केरेडारी प्रखंड एवं ग्रामवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए छठी मइया से प्रार्थना की। इस दौरान पूरा क्षेत्र छठी मइया के गीतों और जयकारों से गूंज उठा।

"जनसेवा और निष्पक्ष पत्रकारिता ही हमारा मुख्य उद्देश्य"

लोकेश्वर कुमार साव और कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि समाज के बीच रहकर जनसेवा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जब कभी और जहां भी सामाजिक कार्यों या जरूरतमंदों की सहायता की आवश्यकता होगी, जेन-जी प्रेस क्लब के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और सेवा-भाव के साथ तत्पर मिलेंगे।

क्लब के पदाधिकारियों ने दोहराया कि जेन-जी प्रेस क्लब केरेडारी हमेशा सत्य और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करने तथा आम जनता की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के अंत में क्लब के सभी सदस्यों ने केरेडारी प्रखंड और समस्त झारखंडवासियों को लोक आस्था के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में आपसी भाईचारा, शांति और खुशहाली बनाए रखने की कामना की।

संवाददाता :- आकाश भारती, Need24 News

— **Akash Bharti**

देश

जोरदाग मुंडाटोली में बिरसा मुंडा जयंती के नाम से खिलवाड़, क्या बिरसा भगवान ने कहा था छठ महापर्व पर मांस-दारू पीने के लिए ग्रामीण



नीड 24 न्यूज हजारीबाग

केरेडारी जोरदाग

रिपोर्टर निरंजन कुमार साव

जोरदाग मुंडाटोली में बिरसा मुंडा जयंती के नाम से खिलवाड़, क्या बिरसा भगवान ने कहा था छठ महापर्व पर मांस-दारू पीने के लिए

ग्रामीणों के मना करने के बावजूद नहीं माने आयोजक, मुंडाटोली जोरदाग के आयोजक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सक्रिय सदस्य पर उठे सवाल

छठ महापर्व के बीच दारू-सिगरेट का सेवन, जोरदाग के लिए शर्मनाक - सांस्कृतिक कार्यक्रम की आड़ में पवित्रता भंग

जोरदाग

एक तरफ जहां पूरे जोरदाग में छठ महापर्व की पवित्रता और आस्था का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ बिरसा मुंडा जयंती के नाम पर हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुछ लोगों द्वारा मांस-दारू और सिगरेट का सेवन किया जाना क्षेत्र के लिए शर्मनाक बन गया है। इससे जोरदाग का नाम बर्बाद और शर्मसार हुआ है।

कार्यक्रम होना बहुत अच्छी बात है, बिरसा जयंती मनाया जाना चाहिए, लेकिन जहां छठ का महापर्व चल रहा है, वहीं बगल में इस तरह नशा करना छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की आस्था को कलंकित करने जैसा है छठ पूजा में जो ऐसा कार्य किए उनको कब सजा मिलता है अब देखना है जोरदाग़ के लोग

वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि रात में कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ लगी है, लाइट-सजावट और स्टेज बना है, लेकिन उसी भीड़ में कुछ लोग खुलेआम नशा करते, दारू पीते और मांस-मुर्गा खाते नजर आ रहे हैं। इससे जोरदाग का नाम कलंकित हुआ है और छठ पर्व की पवित्रता धूमिल हुई है

ग्रामीणों का कहना है कि सभी को पता था कि आज छठ पूजा है, फिर भी इसके बावजूद इस तरह का कार्य किया गया, जो जोरदाग के लिए बहुत ही नुकसानदेह है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर बिरसा मुंडा जयंती के आयोजकों पर किसका हाथ है और किसका सरेह जो छठ पर्व के दिन भी खुलेआम दारू का सेवन करवाया जा रहा था। क्या बिरसा भगवान ने यही कहा था कि छठ पूजा के दिन दारू-मुर्गा, मांस-मछली खाओ

ग्रामीणों ने समझाया, किंतु आयोजकों ने एक नहीं मानी और छठ पूजा जैसे आस्था पर्व को कलंकित कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि आयोजकों पर कार्रवाई की जाए, ताकि छठ महापर्व की पवित्रता बनी रहे और जोरदाग की छवि खराब न हो

जय छठी मैया

— **Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग**

स्थानीय

झारखंड के हजारीबाग में राज्य स्थापना दिवस पर "रन फॉर क्लीनलिनेस" कार्यक्रम का आयोजन



झारखंड के हजारीबाग जिले ने राज्य स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती के अवसर पर "रन फॉर क्लीनलिनेस" कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया और इसमें नागरिकों, स्थानीय अधिकारियों तथा स्वच्छता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने एक निर्धारित दूरी पर दौड़ लगाई और साथ ही साथ मार्ग के साथ कचरा इकट्ठा कर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया।

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल राज्य की स्थापना की याद में एकजुटता दिखाना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी बढ़ाना भी है।

धर्म

हजारीबाग में छठ महापर्व के लिए पुलिस ने संयुक्त ब्रीफिंग, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर विशेष निर्देश



हजारीबाग जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार ने छठ महापर्व से पहले एक संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया।

इस ब्रीफिंग में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) तथा थाना प्रभारी सदर, लोहसिंघना और बड़ा बाजार ने भाग लिया।

यातायात पुलिस, पीसीआर और बाइक दस्ता के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी बुलाया गया, जहाँ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुगम यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारीयों ने विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण, ट्रैफ़िक प्रवाह और आपातकालीन सहायता के प्रबंधन पर बल दिया, तथा सभी इकाइयों से सहयोग की अपेक्षा की।

इस कदम से स्थानीय प्रशासन को आशा है कि छठ महापर्व के दौरान कोई सुरक्षा या ट्रैफ़िक संबंधी समस्या नहीं होगी।

— **Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग**

स्थानीय

भाजपा बन्नोग्राम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर माल्यार्पण



भाजपा बन्नोग्राम के तेगूडिया स्कूल मैदान में 15 नवम्बर 2026 को पूर्वाह्न 09:00 बजे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर माल्यार्पण किया जाएगा।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर आदिवासी नेता और जननायक हैं। उनके योगदान को याद करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में सभी ससमय सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजीव भगत द्वारा किया जा रहा है।

— **Jai Prakash Bhagat**